लोक सभा अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 14 अगस्त, 2014: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं । इस हर्षोल्लासपूर्ण अवसर पर उन्होंने कहा है कि हमें यह आत्मविश्लेषण भी करना चाहिए कि क्या हम अपने कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं और देश तथा समाज को रचनात्मक योगदान दे रहे हैं । आइये, हम सब मिलकर ऐसे श्रेष्ठ भारत के निर्माण हेतु उद्यम एवं प्रयास करें जिसमें सभी नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को, अपनी पूर्ण रचनात्मक क्षमता प्रदर्शित करने तथा एक सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवनयापन के अवसर मिलें ।